**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**11.04.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00 बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज वर्चुअली बिलासपुर जिले को तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात देंगे। इन परियोजनाओं में कोलडैम में वाटर स्पोर्टस गतिविधियों के शुभारंभ के साथ ही देश के पहले ग्रीन डीसी ऑफिस व सिटी लाइवलीहुड सेंटर का लोकार्पण करेंगे। गौरतलब है कि यह तीनों परियोजनाएं जिला बिलासपुर के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। दोपहर बाद मुख्यमंत्री का दिल्ली से शिमला लौटने का कार्यक्रम है।

**प्रधानमंत्री–महात्मा फुले जयंती**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज समाज सुधारक महात्मा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि वे मानवता के सच्चे सेवक थे। उन्होंने कहा कि फुले जी ने अपना पूरा जीवन समाज के शोषित और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश के प्रति उनका अमूल्य योगदान आने वाली हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

**सिल्क रूट**

प्रदेश की हसीन वादियों में एक बार फिर आज से रोमांच और साहस का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। हिमालयन एक्सपीडिशन द्वारा शिमला के नारकंडा से सराहन तक तीन दिवसीय सिल्क रूट अल्ट्रा ट्रेल रन का आयोजन किया जा रहा है। आज दोपहर बाद राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल नारकंडा से इस दौड़ का शुभारंभ करेंगे। द हिमालयन एक्सपीडिशन के सदस्य लक्ष्य व्रत ने बताया कि चार श्रेणियों में आयोजित इस दौड़ में विभिन्न राज्यों के 250 से अधिक धावक हिस्सा लेंगे। इसके अलावा तीन अंतरराष्ट्रीय धावक भी इस ट्रेल रन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्रदेश के विकास को ताला लगा दिया है। चंबा में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश में जैसी आर्थिक बदहाली आज है वैसी कभी नहीं आई। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेशवासियों ने कांग्रेस सरकार को काम के लिए चुना लेकिन अब ऐसा महसूस हो रहा है कि कांग्रेस सरकार काम करने नहीं बल्कि चल रहे कार्यों को बंद करने के लिए सत्ता में आई है।

**मौसम**

प्रदेश के कई भागों में आज दिन की शुरूआत धूप के साथ होने के बाद अब मौसम ने करवट ली है। राजधानी शिमला सहित कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा का समाचार है। हालांकि बीते कल शिमला व मंडी जिला के कई इलाकों में वर्षा, ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलने से सेब, मटर, गुठलीदार फलों सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता....

**अग्निवीर**

ऊना, हमीरपुर व बिलासपुर के युवाओं के लिए प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में ऑनलाईन पंजीकरण की अंतिम तिथि को 25 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बी.एस. भंडारी ने

कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी भारतीय सेना की अधिकारिक वैबसाईट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर 25 अप्रैल तक ऑनलाईन पंजीकरण कर सकते हैं।

## **<u>सूही मेला</u>**

चंबा वासियों की प्यास बुझाने के लिए अपना बलिदान देने वाली रानी सुनयना की याद में मनाया जाने वाला ऐतिहासिक सूही मेले का आज दूसरा दिन है। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में सूही माता की चंबा शहर में शोभा यात्रा निकाली जाती है और मेले में गद्दी समुदाय की महिलाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहता है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे चंबा संवाददाता....

## **<u>शेयर बाजार</u>**

घरेलू बेंचमार्क सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी ने आज वैश्विक अनिश्चितता और अमरीका द्वारा लगाए गए टैरिफ के बीच हरे निशान में शुरुआत की। सेंसेक्स 1,357 अंकों की बढ़त के साथ 75 हजार 204 पर पहुंच गया और निफ्टी 441 अंकों की तेजी के साथ 22 हजार 841 पर कारोबार कर रहा था। यह बढ़त वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बाद आई है, जो अमरीका में अस्थिर कारोबारी सत्र के बाद देखी गई।

**इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर तीन बजे ...नमस्कार ।**